उत्तर प्रदेश शासन
उपभोक्ता संरक्षण एवं बांट माप अनुभाग-2
संख्या- 21/2017/सीपी 238/84-2-2017-सीपी 7/2013
लखनऊ : दिनांक : 18 अगस्त, 2017

कार्यालय ज्ञाप

श्री विजय कुमार पुत्र स्व0 श्री राम किशोर,शि0 8/ 69 -पी-1,शिवपुर,कोट शिवपुर,वाराणसी -221003 की नियुक्ति शासन की अधिसूचना संख्या-58/सीपी 211/84-2-2014-सीपी 7/2013, दिनांक 03 मार्च, 2014 द्वारा जिला उपभोक्ता फोरम, वाराणसी में सामान्य सदस्य (पूर्णकालिक) के पद पर की गयी थी।

2. निबन्धक, राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, उ0प्र0, लखनऊ के पत्र संख्या-2652/एससीडीआरसी/यू0पी0/अधि15/14, दिनांक 31 मई, 2017 द्वारा श्री विजय कुमार सामान्य सदस्य, जिला उपभोक्ता फोरम, वाराणसी के पत्र दिनांक 17 फरवरी, 2017 की छाया प्रति उपलब्ध कराते हुए अवगत कराया गया कि श्री विजय कुमार द्वारा जिला उपभोक्ता फोरम, वाराणसी के सामान्य सदस्य के पद से त्यागपत्र प्रस्तुत किया गया है। निबन्धक, राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, उ0प्र0, लखनऊ द्वारा श्री विजय कुमार, सामान्य सदस्य, जिला उपभोक्ता फोरम, वाराणसी का त्यागपत्र दिनांक 17 फरवरी, 2017 से स्वीकार किये जाने का अनुरोध किया गया है।

3. अत: उपर्युक्त के दृष्टिगत सम्यक् विचारोपरान्त जिला उपभोक्ता फोरम, वाराणसी के सामान्य सदस्य (पूर्णकालिक) के पद से श्री विजय कुमार पुत्र स्व0 श्री राम किशोर,शि0 8/ 69 -पी-1,शिवपुर,कोट शिवपुर,वाराणसी -221003 द्वारा स्वेच्छा से दिये गये त्यागपत्र को दिनांक 17'-02-2017 के पूर्वान्ह से स्वीकार करने की श्री राज्यपाल एतद्द्वारा सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

निवेदिता शुक्ला वर्मा
प्रमुख सचिव ।

पृष्ठांकन संख्या-सीपी 238(1)/84-2-2017, तद्दिनांक
प्रतिलिपि - निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

(1) निबन्धक, राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, उ0प्र0, सी-1, विक्रान्तखण्ड-1, गोमतीनगर, लखनऊ ।
(2) जिलाधिकारी, वाराणसी
(3) कोषाधिकारी, वाराणसी
(4) कार्यालय, जिला उपभोक्ता फोरम, वाराणसी (द्वारा निबन्धक, राज्य आयोग)।
(5) श्री विजय कुमार पुत्र स्व0 श्री राम किशोर,शि0 8/69 -पी-1,शिवपुर,कोट शिवपुर,वाराणसी -221003 वाराणसी।
(6) गार्ड बुक।

आज्ञा से,
वेद पकाश शर्मा
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।